Register Number:
DATE: 17-11-2020

ST. JOSEPH'S COLLEGE (AUTONOMOUS), BANGALORE-27
B.COM. HINDI– III SEMESTER
SEMESTER EXAMINATION: NOVEMBER 2020
HNC 318 : HINDI

Time- 2 1/2 hrs   Max Marks-70

This paper contains TWO printed page & Five Parts

भाग - क

प्रश्न 1. निम्नलिखित में से किन्हीं दो अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। 2×8=16

1. तो पद की श्रेष्ठता क्या महत्त्व रखती है ? आचार और संस्कार की श्रेष्ठता मानव जाति के किसी भी व्यक्ति में हो सकती है। वृद्ध पुरुष ! मनुष्य का एक ही पद है और वह पद है मानवता के सोपान पर प्रतिष्ठित होना।
2. नारी ? ओह ! नारी की भृकुटियों में ही तो संसार-भर की राजनीतियों की लिपि है। जब उसकी पलकें झुक जाती हैं। तो न जाने कितने सिंहासन उठ जाते हैं और जब उसकी पलकें उठती हैं तो न जानें कितने राजवंश गौरव के शिखर से गिर जाते हैं।
3. किन्तु कोई नारी बलपूर्वक विलासिता की सामग्री नहीं बनाई जा सकती। वह अपनी विजय के लिए विलासिता की सामग्री बनती है और दोष पुरुषों को देती है।

प्रश्न 2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए। 1×10=10

1. 'अग्निशिखा' नाटक के शीर्षक की प्रासंगिकता (Relevance) स्पष्ट कीजिए।
2. 'अग्निशिखा' नाटक के माध्यम से चाणक्य का चरित्र-चित्रण कीजिए।

प्रश्न 3. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर टिप्पणी लिखिए। 1×6=6

1) बालगुप्त
2) रविसेन

भाग - ख

प्रश्न 4. तीसरी कसम फिल्म पर आधारित निम्नलिखित लघु प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 10×1=10

1. यह फिल्म किस रचनाकार के कहानी पर आधारित है ?
2. फिल्म का निर्देशन किसने किया है ?
3. फिल्म में जमींदार का नाम क्या है ?
4. यह फिल्म किस कहानी पर आधारित है ?
5. हिरामन की दूसरी प्रतीज्ञा क्या है ?
6. फिल्म में राज कपूर का नाम क्या है ?
7. फिल्म में दिखाया गया राज्य कौन-सा है ?
8. फिल्म में वहीदा रहमान का नाम क्या है ?
9. हिरामन की तीसरी कसम क्या है ?
10. फिल्म के गीत किसने लिखे हैं ?

भाग - ग

प्रश्न 5. निम्नलिखित विषयों में से किन्ही दो विषय पर पत्र लिखिए। 2×5=10

1. शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा कर्नाटक सरकार के शिक्षा मंत्रालय को हिन्दी भाषा को विश्वविद्यालय स्तर पर लागु करने संबंधि सरकारी पत्र लिखिए।
2. शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा कर्नाटक सरकार के शिक्षा मंत्रालय को हिन्दी भाषा को विश्वविद्यालय स्तर पर लागु करने संबंधि सरकारी पत्र के रूप में अनुस्मारक लिखिए।
3. वाणिज्य मंत्रालय, भारत सरकार के हिन्दी अनुभाग द्वारा आयोजित हिन्दी सप्ताह के प्रतिवेदन **(Report)** के लिए गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा अर्ध सरकारी पत्र के रूप में अनुस्मारक लिखिए।

भाग - घ

प्रश्न 6. निम्नलिखित अनुच्छेद का संक्षेपण करते हुए उचित शीर्षक दीजिए। 1×10=10

नारीवाद राजनैतिक आंदोलन का एक सामाजिक सिद्धांत है जो स्त्रियों के अनुभवों से जनित है। हालाकि मूल रूप से यह सामाजिक संबंधो से अनुप्रेरित है लेकिन कई स्त्रीवादी विद्वान का मुख्य जोर लैंगिक असमानता और औरतों के अधिकार इत्यादि पर ज्यादा बल देते हैं। नारीवादी सिद्धांतो का उद्देश्य लैंगिक असमानता की प्रकृति एवं कारणों को समझना तथा इसके फलस्वरूप पैदा होने वाले लैंगिक भेदभाव की राजनीति और शक्ति संतुलन के सिद्धांतो पर इसके असर की व्याख्या करना है। स्त्री विमर्श संबंधी राजनैतिक प्रचारों का जोर प्रजनन संबंधी अधिकार, घरेलू हिंसा, मातृत्व अवकाश, समान वेतन संबंधी अधिकार, यौन उत्पीड़न, भेदभाव एवं यौन हिंसापर रहता है। स्त्रीवादी विमर्श संबंधी आदर्श का मूल कथ्य यही रहता है कि कानूनी अधिकारों का आधार लिंग न बने। आधुनिक स्त्रीवादी विमर्श की मुख्य आलोचना हमेशा से यही रही है कि इसके सिद्धांत एवं दर्शन मुख्य रूप से पश्चिमी मूल्यों एवं दर्शन पर आधारित रहे हैं। हालाकि जमीनी स्तर पर स्त्रीवादी विमर्श हर देश एवं भौगोलिक सीमाओं मे अपने स्व पर सक्रिय रहती हैं और हर क्षेत्र के स्त्रीवादी विमर्श की अपनी खास समस्याएँ होती हैं।.

भाग - ङ

प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए। 1×8=8

1. 'तारे ज़मीन पर' फिल्म की समीक्षा कीजिए।
2. '3 Idiots' फिल्म का विश्लेषण करते हुए कहानी लिखिए।

--------------------XXXXXXXXXXX--------------------